प्रेस विज्ञप्ति
तत्काल जारी करने के लिए

मोजर बेयर के तिंवरी (ओसियान) सौर उर्जा फॉर्म का उद्घाटन

केन्दीय एमएनआरई मंत्री और राजस्थान के मुख्यमंत्री ने संयुक्त रूप से किया शुभारंभ

जोधपुर, जनवरी 11, 2012। केन्दीय एमएनआरई मंत्री डॉ. फारुख अब्दुल्ला और राजस्थान के मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने आज यहां संयुक्त रूप से मोजर बेयर द्वारा स्थापित 5 मेगावाट के सौर उर्जा फार्म का उद्घाटन किया। जवाहरलाल नेहरू राष्ट्रीय सौर उर्जा मिषन के तहत जोधपुर जिले की ओसियान तहसील के तिवरी गांव में इस सौर उर्जा फार्म को स्थापित किया गया है। इस अवसर पर राजस्थान के उर्जा मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह , पाली के सांसद बद्री राम जाखड़ उपस्थित थे।

इस परियोजना का निर्माण जवाहरलाल नेहरू राष्ट्रीय सौर उर्जा मिषन की माइग्रेषन योजना के तहत परियाजना के पहले चरण के रूप में किया जिसे वर्ष 2010 में जारी किया गया था। इस परियोजना से 92 लाख युनिट विद्युत का उत्पादन प्रतिवर्ष होगा और 8,400 टन के बराबर कार्बन उत्सर्जन की सालाना बचत करेगा।

इस सोलर फार्म में एमॉरफस सिलीकॉन थिन फिल्म माड्यूल्स का उपयोग किया गया है जो कि स्थानीय जलवायु के अनुकूल बेहतर उर्जा उत्पन्न करने में सक्षम है। स्वदेष में निर्मित यह मॉड्यूल अपनी श्रेणी में श्रेष्ठ हैं, इनमें से प्रत्येक का माप 5.7 वर्ग मीटर है, जो 380 वॉट उर्जा उत्पन्न करने की क्षमता है। इस परियोजना में कुल 5 मेगावाट उत्पादन क्षमता है जिसके लिए 13,300 मॉड्यूल्स का प्रयोग किया गया है । इससे करीब 70,000 ग्रामीण घरों को रोषन किया जा सकेगा। इस परियोजन के लिए लगभग 60 एकड़ पथरीली भूमि का उपयोग किया गया है जो एक असाधारण चुनौती के रूप में है जिसके लिए विशेष अभियांत्रिकी समाधानों का उपयोग किया गया है। यह परियोजना विशेषतौर पर सुदूर नियंत्रित प्रणाली से प्रचालित की जाती है जो कि मौसम के मापदण्ड पर आधारित है।

एमएनआरई के प्रयासों की सराहना करते हुए श्री दीपक पुरी, सीएमडी, मोज़र बेयर इंडिया ने बताया कि ''सौर उर्जा क्षेत्र को महत्वपूर्ण बढ़ावा देने की दिषा में, मजबूत 'एकमुष्त लागत' तंत्र विकसित किया गया है और सोलर उर्जा के साथ–साथ उपलब्ध पारंपरिक उर्जा की उच्च राषि के समायोजन के साथ एनवीवीएन साक्ष्य के रूप में एमएनआरई प्रतिबद्धता का प्रमाण है।'' उन्होंने आगे बताया कि, इस देष में राष्ट्रीय सोलर मिषन के माध्यम से एमएनआरई मंत्री महोदय ने इसे विकास एवं गति प्रदान की है। जनवरी 2010 में शुरू राष्ट्रीय सोलर मिषन देष में सौर उर्जा उत्पादन पर ध्यान केन्द्रित कर उसे अक्षय उर्जा की दिषा में प्रगति और नई ऊंचाइयां प्रदान करेगा। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री श्री अषोक गहलात एवं राजस्थान सरकार को राज्य में सोलर उर्जा को प्रोत्साहन देने के लिए धन्यवाद प्रकट किया।

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा है कि राजस्थान सौर उर्जा से बिजली उत्पादन में नम्बर वन रहकर अग्रणी प्रदेश बन जाएगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान में राजस्थान अस्सी मेगावाट सोलर एनर्जी से बिजली का उत्पादन कर रहा है तथा आगामी मार्च तक 150 मेगावॉट उत्पादन करके नम्बर वन पर आ जाएगा। जवाहर लाल नेहरू सोलर मिशन सबसे बडे मिशन के रूप में कार्य कर रहा है। वह दिन दूर नहीं जब राज्य सोलर एनर्जी के क्षेत्र में अग्रणी होगा। जोधपुर से पूरे प्रदेश को सौर उर्जा प्राप्त होगी। इस क्षेत्र में

बाडमेर जैसलमेर, ओसिया फलौदी इतिहास बना रहे हैं। उनहोंने कहा कि राजस्थान सोलर नीति में पूरे मुल्क में अलग स्थान रखता है। आने वाला वक्त राजस्थान सोलर हब बन जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य मे 10 हजार हैक्टेयर जमीन डेजर्ट है तथा इसका बेहतरीन सौर उर्जा के रूप में उपयोग किया जा रहा है इसिलिए आज बड़ला फलौदी में 400 केवी का सोलर पार्क भी शुरू हो रहा है। उन्होंने कहा मैं 3 दशक पूर्व से ही मथानिया तिंवरी को सौर उर्जा बिजली उत्पादन शुरू करने के लिए स्वप्न की तरह देख रहा था और अब यह पूरा हुआ है। उन्होंने मनो विनोद के साथ कहा कि अभी तो लोग बिजली के लिए जोधपुर की तरफ जाते हैं और वह दिन दूर नहीं जब लोग तिंवरी की ओर आऐंगे।

उन्होंने मोजर बेयर कम्पनी के सीएमडी से कहा कि हम सौर उर्जा बिजली उत्पादन के लिए जमीन की किसी तरह से कमी नहीं आने देंगे बस आप तो पैनल बनाते जाइए। उन्होंने कम्पनी का भी आभार व्यक्त किया कि यहां सोलर फार्म शुरू करके पूरे क्षेत्र मे बिजली उत्पादन का मार्ग प्रशस्त कर दिया है। गहलोत ने सूर्य नमस्कार का महत्व बताते हुए कहा कि अब सूर्य भगवान को इस चमत्कार के लिए हम नमस्कार करते हैं।

केन्द्रिय नवीन एवं नवीकरणीय उर्जा मंत्री डॉ0 फारूख अब्दुल्ला ने बहुत ही प्रसन्न मुद्रा में कहा कि दिल खोलकर सुनहरी लब्जों में राजस्थान का नाम सौर उर्जा व पैट्रोल कोयले से निजात दिलाने के लिए लिखा जाएगा। हमारे प्रधानमंत्री डॉ0 मनमोहन सिंह एवं सोनिया गांधी की मंशा रही है कि एक दिन कोयले व तेल उत्पादन में हम इंपोर्ट न करके स्वयं का उत्पादन करेंगे। राजस्थान सूरज व पवन का बहुत बड़ा सदुपयोग करके सबसे आगे तेजी से बढ रहा है। आज इसी कारण भारत विंड पावर में 5वें स्थान पर है अब हम समन्दर की लहरों से भी विद्युत उत्पादन करने जा रहे हैं।

उन्होंने मोजर बेयर कंपनी को तिंवरी में 5 मेगावॉट के सोलर फार्म के निर्माण के लिए शुक्रिया व्यक्त किया और कहा कि यह कंपनी अपने ही वतन में आगे बढ रही है। अपने सोलर पैनल से रोशनी ही नहीं रिसर्च में भी अग्रणी रूप से काम कर रही है। डॉ0 अब्दुल्ला ने सौर उर्जा से दिन ही नहीं रात में भी बेहतरीन इस्तेमाल पर बल दिया। उन्होंने जोधपुर में आईटी के क्षेत्र में भी बेहतरीन व आधुनिक तरक्की देखते हुए अत्यन्त खुशी जाहिर की तथा कहा कि यह दुनिया में आगे बढने की ओर प्रशंसनीय कदम है।

मोज़र बेयर सोलर प्रणाली के श्री के.एन. सुब्रमण्यम, मुख्य कार्यकारी, ने इस अवसर पर कहा कि जेएनएनएसएम 2010 को शुरू करने के लिए भारत सरकार द्वारा सौर उर्जा के संवर्धन के इस प्रसंषनीय प्रयास के लिए आभार जताता हू जोकि देष की उर्जा आवष्यकताओं को न केवल पूरा करने में सक्षम होगा बल्कि लगातार उन ग्रामीण क्षेत्रों में भी पहुंचने व उर्जा के द्वारा विकास में अग्रसर होगा। रेपिड सोलराईजेशन को भारत में बढावा देने के लिए, मैं एमएनआरई से अनुरोध करता हूं कि सोलर परियोजना के लिए विशेष फंड का प्रावधान करें, क्योंकि इन परियोजनाओं को फाइनेंस करना एक कठिन कार्य है। इसके अलावा डाक्यूमेन्टेशन का सरलीकरण होना चाहिए जिससे कस्टम, एक्साईज और सेल्स टैक्स की छूट का लाभ उठाया जा सके।''

मोज़र बेयर इंडिया लिमिटेड के बारे में:

1983 में स्थापित, कंपनी महत्वपूर्ण ढंग से अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी के विकास में दुनिया के सबसे बड़े ऑप्टीकल स्टोरेज मीडीया जैसे सीडी और डीवीडी के निर्माताओं में से एक है। इसे दुनिया की हर 5वीं डिस्क विनिर्माता का गौरव प्राप्त है। कंपनी भारत में ब्लू–रे डिस्क स्टोरेज फार्मेट में अगली–पीढ़ी के प्रमुख खिलाड़ी के रूप में उभरी है। इन वर्षों में, मोज़र बेयर इंडिया सबसे उच्चस्तरीय विश्व तकनीक विर्निमाण और अनुसंधान एवं विकास गतिविधियों पर ध्यान केंद्रित ब्रांडों में अभूतपूर्व ढंग से सामने आया है। यह लगातार अगली पीढ़ी की नवीन प्रौद्योगिकी उजागर कर रहा है जो कि गुलेल भारत को महत्वपूर्ण उत्पाद केन्द्र और फोटोवोल्टिक क्षेत्र में अक्षय उर्जा दोहन प्रौद्योगिकी के नतृत्व की ओर अग्रसर करेगा। ´मइेपजमरू ूण्उवेमतइंमतण्बवउ

मोज़र फोटोवोल्टिक के बारे में:

मोज़र बेयर फोटोवोल्टिक लिमिटेड मोज़र बेयर इंडिया लिमिटेड की एक सहायक है। यह ईकाई 2005 और 2007 के बीच विश्वस्तरीय सोलर माड्यूलस और ईपीसी समाधान पीवी सिस्टम की प्रभावी तैनाती के लिए शुरू किया गया था। क्रिस्टलीय सिलीकॉन और सिलीकॉन अनाकार (पतली फिल्म) माड्यूल ऑन–ग्रिड और ऑफ–ग्रिड आवासीय, वाणिज्यिक, औद्योगिक एवं कस्टम अनुप्रयोगों के लिए प्रीमियम गुणवत्ता सामग्री और अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी का उपयोग कर निर्मित कर रहे हैं। पीवी सिस्टम भारतीय व्यापार में सोलर फार्म के बाजार छतों के ऊपर और ऑफ–ग्रिड अनुप्रयोग के एकाधिकार में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। सुव्यवस्थित मल्टीपल प्रौद्यागिक प्लेटफार्म और लागत प्रभावी पैमाने पर यह व्यापार नीति है। अनुसंधान एवं विकास और नवीन अत्याधुनिक निर्माण की मजबूत प्रतिबद्धता के रूप में पीवी सैल और मॉड्यूल सहित अन्तर्राष्ट्रीय मानकों सहित यूएल, आईसी, ईटीएल, सीई,. एमबीपीवी ने प्रतिष्ठित ''5 स्टार रेटिंग'' प्रमाण पत्र द्वारा प्रदत्त किया है ज्श्ष्ट तैमपदसंदक लगातार दूसरे वर्ष के लिए निर्माण में गुणवत्ता व उच्चतम मानकों को बनाए रखने के लिए। ॅमइेपजमरू ूण्उवेमतइंमतेवसंतण्बवउ

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:
अभिनव कंचन
ग्रुप हैड, कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन्स, मोजर बेयर
ंइीपदंअण्ंदबींद/उवकमतइंमतण्पद
मोबाइल: +91–9958867269